प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..............................

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार पांच वर्षो में कुल 10 लाख रोजगार अवसर सृजित करने के लिए लगातार काम कर रही है।
- मुख्यमंत्री ने राइजिंग राजस्थान इस्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक–कहा–समिट से प्रदेश की वैश्विक स्तर पर साख बढेगी।
- प्रदेश में उपचुनाव के लिए होम वोटिंग के पहले दिन 900 पात्र मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।
  और
- सूर्य उपासना का महापर्व छठ आज से नहाय–खाय की रस्म के साथ शुरू।

..............................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि रोजगार उत्सव युवाओं के रोजगार के सपने को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। कल जयपुर में दिसम्बर में आयोजित होने वाले मुख्यमत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पांच वर्षों में निजी क्षेत्र में छह लाख और सरकारी क्षेत्र में चार लाख सहित कुल 10 लाख रोजगार अवसरों के सृजन के लिये लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दो रोजगार उत्सवों में 28 हजार 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये जा चुके है। अब दिसंबर में प्रस्तावित तीसरे रोजगार उत्सव में हजारों युवाओं को नियुक्तियां दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकाय विभाग को सफाईकर्मियों की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जल्द निस्तारित करते हुए इसे पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 48 हजार 593 चतुर्थ श्रेणी और समकक्ष पदों तथा तीन हजार 170 वाहन चालकों की भर्ती प्रक्रिया भी जल्द शुरू करेगी। मुख्यमंत्री ने परिवर्तित बजट 2024–25 की घोषणाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला स्तर पर लंबित विकास कार्यों के लिए कलक्टर्स जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर जमीन आवंटन सुनिश्चित करवाएं। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

..............................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इस्वेस्टमेंट समिट से प्रदेश की वैश्विक स्तर पर साख बढेगी। उन्होंने कल जयपुर में मुख्यमंत्री कार्यालय में समिट के आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ली। श्री शर्मा ने अधिकारियों को 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली इस समिट की तैयारियों को अन्तिम रूप देते हुए समिट का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिट के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों में प्रदेश की लोक संस्कृति तथा लोक कला से संबंधित थीम को ज्यादा से ज्यादा प्रदर्शित किया जाये। जिससे समिट में भाग लेने वाले देश–विदेश के निवेशकों को भी राजस्थान की समृद्ध और लुभावनी लोक संस्कृति की झलक देखने को मिले। मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक प्रवासी राजस्थानियों को समिट में आमंत्रित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस बीच जिलों में आयोजित हो रहे इन्वेस्टर मीट के तहत कल नीम का थाना में सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने प्रेस वार्ता में बताया कि मीट के दौरान एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत फेल्सार घुरसली गांव की मूर्तिकला और श्योलोदडा गांव की एम्ब्रोयडरी फ्रेम कला की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि अब तक 47 एमओयू कर सहमति बनी है, जिनमें 1 हजार 78 करोड़ रूपये का निवेश होने की संभावना है। वहीं भरतपुर में 7 नवंबर को होने वाली इन्वेस्टर मीट को लेकर कल जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने पत्रकारों को बताया कि अब तक 48 इकाईयों से विभिन्न क्षेत्रों में 1 हजार 318 करोड़ रूपये से अधिक के प्रस्ताव मिल चुके है। उन्होंने कहा कि इससे पांच हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। अजमेर में 8 नवंबर को इन्वेस्टर मीट आयोजित की जायेगी। अब तक 298 निवेशकों के साथ 12 हजार 970 करोड़ रूपये के एमओयू हो चुके हैं।

..............................

अजमेर में पुलिस विभाग ने आमजन की सुविधा के लिए नवाचार किया है। इसके तहत आमजन या कोई भी पीडित वाट्सएप कॉलिंग के जरिये अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। इसके लिए अजमेर रेंज की ओर से वाट्सएप नम्बर भी जारी किये गये है। और ब्योरा हमारी संवाददाता से–

..............................

प्रदेश में उपचुनाव के लिए होम वोटिंग के पहले दिन 900 पात्र मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। दौसा को छोडकर बाकी 6 विधानसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग प्रक्रिया कल से शुरू हुई। दौसा में इसकी शुरूआत कल से होगी। पहले दिन के लिए लक्षित कुल 930 मतदाताओं में से 21 अपने घर पर नहीं मिले तथा 9 अन्य की होम वोटिंग के लिए आवेदन करने के बाद से मृत्यु हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि पहले दिन सबसे अधिक मतदान चौरासी विधानसभा क्षेत्र में हुआ, जहां कुल 253 मतदाताओं ने होम वोटिंग के जरिए अपने मताधिकार का उपयोग किया। देवली–उनियारा में 157, खींवसर में 147, झुंझुनू और रामगढ़ में 132–132 और सलूम्बर में 79 मतदाताओं ने वोट डाले। श्री महाजन ने बताया कि सातों क्षेत्रों के लिए कुल 3 हजार 193 मतदाताओं ने इस सुविधा का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के पहले चरण में दौसा विधानसभा क्षेत्र में 6 और 7 नवम्बर को मतदान होगा। झुंझुनू, खींवसर और सलूम्बर में 4 से 8 नवम्बर, रामगढ़ और चौरासी में 4 और 5 नवम्बर तथा देवली–उनियारा में 4 से 7 नवम्बर तक वोट डाले जायेंगे। इस दौरान किसी भी कारण से मतदान से वंचित रहे मतदाताओं के लिए होम वोटिंग का दूसरा दौर 9 और 10 नवम्बर को होगा।

..............................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में पहले एशियाई बौद्ध सम्मेलन में भाग लेंगी। दो दिन का यह सम्मेलन बौद्ध धर्म की समृद्ध विरासत को रेखांकित करेगा। बौद्ध मत के विशिष्ट प्रतिनिधि, विद्वान और अनुयायी इसमें शामिल होंगे। संस्कृति मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से इस सम्मेलन का आयोजन किया है।

..............................

सूर्य उपासना का महापर्व छठ आज से नहाय–खाय के साथ शुरू हो गया है। चार दिन के इस पर्व को लेकर कल तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। प्रदेश में रहने वाले बिहार, उत्तराखंड और झारखंड सहित अन्य राज्यों के निवासी आज से ये पर्व मना रहे है। अनुष्ठान में कल खरना का विधान संपन्न होगा। इस दौरान खरना का व्रत किया जायेगा। श्रद्धालु पूरे दिन निर्जला उपवास कर शाम को सूर्य भगवान की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। गुरूवार शाम को डूबते सूरज को और शुक्रवार सुबह को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही महापर्व का समापन होगा।
जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर छठ पर्व की शुरूआत हो गई है। जयपुर में गलताजी सहित विभिन्न क्षेत्रों में पांच लाख से अधिक प्रवासी ये महापर्व मनायेंगे। उधर हनुमानगढ़ में आयोजित हो रहे छठ पूजा महोत्सव के तहत कल जंक्शन स्थित शिव कुटिया से शोभा यात्रा निकाली गई।

..............................

सर्दी की आहट होते ही पाली जिले के बेडा में जवाई नदी के आस–पास प्रवासी परिंदों की आवक शुरू हो गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि यहां विभिन्न प्रजातियों के पक्षी अपना घर बना रहे है।

..............................